## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना 25 जून 2024 के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 123 अमरवाड़ा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 10 जुलाई 2024 बुधवार को मतदान दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस दिनांक को केवल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 123 अमरवाड़ा के लिये परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा-25 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है।

### जनसुनवाई में सुनी गई 80 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । आज जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, खसरा में नाम सुधारने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, फौती नामांतरण दर्ज करने, नल-जल व्यवस्था करने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया।

## अमरवाड़ा के ग्राम नांदिया में 75 साल बाद भी नहीं पहुंचा विकास, विरोध में मासूम बच्चों को भी उतारा

# मतदान का बहिष्कार- नांदिया गांव के मतदाता नहीं करेंगे मतदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम नांदिया में ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। ग्राम में ना ही आंगनबाड़ी भवन, ना ही कोई सामुदायिक भवन, ना ही यहां पर है मतदान केंद्र, 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है मतदाताओं को मतदान करने। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक ग्राम में विकास और सर्व सुविधा नहीं होगी तब तक वह विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। ग्रामीणों के द्वारा ग्राम में आंदोलन किया गया और सभी ने एक मत होकर निर्णय लिया कि जब तक ग्राम में विकास नहीं होगा वह 10 जुलाई को अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में होने वाले मतदान में मत का प्रयोग नहीं करेंगे और मतदान का बहिष्कार करेंगे । ग्रामीणों ने मांग की है कि सांसद विवेक बंटी साहू और मुख्यमंत्री मोहन यादव को ग्राम की समस्या को देखते हुए यहां पर तत्काल व्यवस्था बनानी चाहिए और गांव का विकास होना चाहिए। ग्राम में मतदान केंद्र बनना चाहिए उसके बाद ही ग्रामवासी मतदान करेंगे। ग्रामीणों ने बताया की अनेकों बार आवेदन निवेदन किया गया। परंतु सरपंच सचिव के द्वारा यहां पर कोई कार्य नहीं किया गया है और ना ही यहां पर विकास हुआ है। ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी भवन के लिए तरस रहे हैं शिक्षा का स्तर भी लगातार नीचे गिर रहा है। ग्राम में कोई सामुदायिक भवन नहीं है जिसके कारण ग्राम के लोगों को अपने सामाजिक वैवाहिक कार्यक्रम और अनेक कार्यक्रम करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के द्वारा मांग की गई है कि जल्द से जल्द समस्या का निराकरण किया जाए नहीं तो ग्राम में मतदान करने के लिए किसी को भी यहां पर नहीं जाने दिया जाएगा ना ही कोई प्रत्याशी को गांव में प्रवेश करने दिया जाएगा। ग्राम के प्रवेश द्वार पर ग्रामीणों ने नाका बैरियर लगा दिया है जिससे कोई भी प्रत्याशी और राजनीतिक दल का सदस्य अधिकारी कर्मचारी ग्राम में प्रवेश नहीं कर सकते ग्रामीणों ने बताया कि सभी का प्रवेश को निषेध कर दिया गया है और ग्राम में महिलाओं के द्वारा भी मांग की गई है कि यहां पर लाडली बहन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है वहीं शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामवासी वंचित रह गए हैं। 10 जुलाई को होने वाले मतदान में नांदिया ग्राम के ग्रामीण अपनी सहभागिता नहीं करेंगे और मतदान करने 3 किलोमीटर दूर बनाए गए मतदान केंद्र मानेगांव नहीं जाएंगे।

## प्लॉग रन का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में जुड़े शहरवासी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत शहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान 25 जून से 23 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में विगत दिनों विभिन्न कार्यक्रमों एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निकाय द्वारा किया गया। इसी क्रम में मंगवाल को नगर पालिका निगम, छिंदवाड़ा द्वारा प्लॉग रन का आयोजन किया गया। प्लॉग रन के माध्यम से जुड़े शहरवासियों ने चलते हुए सड़को से कचरा एवं अपशिष्ठ पदार्थों का संग्रह किया। प्लॉग रन का प्रारंभ गोलगंज से हुआ इसके बाद प्रारंभ होकर मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने समाप्त की गई। जिसके पश्चात प्लॉग रन समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ कर संचालनय से प्राप्त कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस आयोजन में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे एवं विवेक चौहान सहित स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरनाम सिंग बट्टी , बादल भारद्वाज, उत्सव बैरागी , निगम के विभिन्न स्वच्छता चेम्पियन, विद्यालय एवं NCC के छात्र एवं छात्राओं, निगम के अधिकारी, कर्मचारियों मौजूद रहे।

### वैश्य महासम्मेलन सांसद बंटी विवेक साहू का 28 को करेगा अभिनंदन

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के नवनिर्वाचित सांसद श्री बंटी विवेक साहू का भव्य नागरिक अभिनंदन वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा इकाई द्वारा दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे मोहननगर स्थित सिंधु भवन में किया जावेगा उक्ताशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष श्री रमेश जाखोटिया ने बताया कि कि ये पहली बार है जब छिंदवाड़ा के स्थानीय वैश्य बंधु द्वारा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की गई है। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी श्री प्रभुनारायण नेमा ने बताया कि बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता एवं वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री श्री विजय झांझरी की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री जे.पी.नेमा ने बताया कि छिंदवाड़ा सांसद श्री बंटी विवेक साहू वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्य भी हैं वे पूर्व में जिला महामंत्री के पद पर रहते हुए उमरेठ तहसील के प्रभारी भी रह चुके है । वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज भारद्वाज ने संगठन के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मलित होकर छिंदवाड़ा के नवनिर्वाचित सांसद का नागरिक अभिनंदन करने की अपील की है।



## 2 लाख 56 हजार 959 मतदाता 332 मतदान केंद्रों के माध्यम से करेंगे मताधिकार का प्रयोग

### अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। जिसके लिए एक दिन पूर्व मंगलवार को अमरवाड़ा विधानसभा मुख्यालय के शासकीय मॉडल स्कूल अमरवाड़ा से मतदान दलों को ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। यह पूरी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और एसपी श्री मनीष खत्री की निगरानी और मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, रिटर्निंग अधिकारी अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे व उप संचालक कृषि एवं नोडल अधिकारी मैनपावर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन के लिए 332 मतदान केंद्रों के माध्यम से विधानसभा के कुल 2,56,959 मतदाता 10 जुलाई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इनमें 1,28,010 महिला मतदाता, 1,28,947 पुरुष मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। मतदान कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 365 मतदान दलों का गठन किया है और 1485 मतदान कर्मी व 62 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। इन 332 मतदान केंद्रों में से 10 मतदान केंद्र महिला प्रबंधकीय बूथ हैं, जिनमें 44 महिलाकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा के 56 संवेदनशील बूथों में 6 रिजर्व सहित 62 केंद्रीय अधिकारी नियुक्त हुए हैं।विधानसभा में 53 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें रिजर्व सहित 61 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सेक्टर के लिए नियुक्त 53 सेक्टर अधिकारियों के साथ मेडिकल के 53 मेडिकल ऑफिसर भी लगाए गए हैं।

### सुबह 7 बजे से होगा मतदान

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल ने बताया है कि छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र (अजजा) में उप चुनाव के लिये 10 जुलाई को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 57 हजार 866 मतदाता हैं। इनमें से एक लाख 29 हजार 372 पुरूष, एक लाख 28 हजार 492 महिला और दो अन्य मतदाता हैं। कुल 332 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 62 सेक्टर अधिकारी (रिजर्व सहित) केन्द्रीय पुलिस बल की 3 कंपनियां और जिला पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

## शांति समिति की बैठक से जनता के जनप्रतिनिधि नदारत

**सौंसर।** मोहर्रम अन्य त्योहारों को लेकर मंगलवार को थाना परिसर सौसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शांतिसमिति की मीटिंग थाना स्तर पर आयोजित की गई। परंतु बैठक में पार्षदों के साथ ही जनता के मतदान से जीते एक भी जनप्रतिनिधि नजर नही आये है। बैठक में सौसर थाना प्रभारी ए बी मर्सकोले, के द्वारा आगामी समय में होने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण रूप से मनाने एवं शासन से मिली हुई गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। श्री मर्सकोले ने कहा कि त्यौहारो का आयोजन आस्था व श्रध्दा का मामला है।कार्यक्रम के दौरान डी.जे पूर्णतः प्रतिबंधित है। ताजिया /सवारी के दौरान बिजली के तार एवं बिजली के खंबो से दूरी बनाकर रखा जाए। कोई भी किसी भी समाज विरोधी नारे नहीं लगना चाहिए। बैठक के दौरान जिस मार्ग से ताजिया गुजरने वाले हैं इसकी साफ सफाई की जिम्मेदारी सौसर नपा प्रशासन को सौपी गई। शांति समिति बैठक के दौरान सदस्यों के द्वारा निजी स्कूलों में चल रही अनफिट बसो टैक्सियों की जांच एवं स्कूलों पर कार्रवाई करने, और नगर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर बढ़ते हुए आवागमन को देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाने आदि के सुझाव भी दिए गए। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी, व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागडे,कांग्रेस नेता सतीश बोड़खे,मो जाफर पटेल,प्रभारी सीएमओ रमन बागडे, पूर्व पार्षद आसिफ पठान, सिद्धार्थ सोमकुवर, पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर, मनोज पराड़कर,शेख अनवर सिद्दीकी, फिरोज खान अब्दुल सलाम आबिद खान एस आई प्रहलाद बैरागी नीता माहौरे, अखिलेश सिंग आदि थे।

## दमामी के ग्रामीण सड़क बचाने सड़क पर उतरे

### कच्चीढाना खदान पर कार्रवाई की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मंगलवार को ग्राम दमामी रामपेठ माल की महिला पुरुषों एवं ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय सौसर में पहुंचकर कच्चिधाना की डोलोमाइट खदान प्रबंधन के द्वारा दमानी सड़क को बंद करने एवं किसान की जमीन पर अवैध रूप से उत्खनन करने की शिकायत ज्ञापन देकर की है।नायब तहसीलदार को ज्ञापन मैं ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में खदान कंपनी द्वारा ग्राम दमामी की ओर जाने वाली सड़क पर अवैध उत्खनन करने के कारण बारिश के पानी से सड़क क्षतिग्रस्त होते जा रही है। ग्राम दमामी की ग्रामीन सड़क कच्चिधाना खदान कंपनी द्वारा अवैध उत्खनन करने के कारण बारिश में सड़क में क्षतिग्रस्त हो रही है। जिससे ग्रामवासीयों के जान माल को खतरा हो सकता है। कंपनी के द्वारा सड़क से लगकर खुदाई की जा रही है।जिससे सड़क धसने लगी हैं। सड़क क्षतिग्रस्त हो गई तो बारिश के दिनों में ग्रामीणों का गांव में आना-जाना बंद हो जाएगा। गांव से अस्पताल मजदूरी स्कूल आदि के लिए आवागमन में स्कूली छात्र-छात्राओं गर्भवती महिलाओं ग्रामीणों को भारी दिक्कत होगी।कंपनी को समस्या को लेकर कई बार अवगत किया जा चुका है,बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन के द्वारा सड़क किनारे उत्खनन पर रोक नहीं लगाई जा रही है। ज्ञापन में ग्रामीनो ने बताया कीखदान कंपनी द्वारा निजी भूमि पर अवैध रूप से उत्खनन किया गया है, किसान रामकिसन तुकाराम धुर्वे की जमीन अवैध तरीके से खोदी गई है। जमीन पर 65 सागौन के पेड़ लगे हुए थे, कंपनी द्वारा वह सागौन के पेड भी उत्खनन करके दबा दिए गये है। जिससे कि किसान को भारी नुकसान हुआ है। खदान कंपनी प्रबंधन के द्वारा ग्राम दमामी की सड़क पर लोहे के एंगल गडा कर बंद कर दिया गया था।

### उप संचालक कृषि ने कृषि अधिकारियों के साथ फसलों का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह एवं कृषि अधिकारियों ने गत दिवस जिले के विकासखंड मोहखेड के ग्राम मछेरा, गोविन्दवाडी, नींबूखेडा, चूडाबोह, लावाघोघरी, प्रधानघोघरी एवं सांवरी क्षेत्र में फसलों का निरीक्षण किया । फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई। कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक तकनीकी सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी छिंदवाडा श्री नीलकंठ पटवारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड श्री डी.एस.घाघरे, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती शारदा उइके, श्री के.डी. गोनेकर एवं किसान उपस्थित थे।

## उपभोक्ताओं के लिए 13 जुलाई को रहेगी जलकर और संपत्तिकार अधिभार में छूट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों में सपत्तिकर, जलकर, उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करी के गात्र अधिभार (सरचार्ज) में छूट प्रदान की जाती है परंतु 11.05.2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के दिन लोकसभा निर्वाचन आदर्श आचरण सहित प्रभावशील होने के कारण समस्त नगरपालिक निगम / नगरपालिका परिषद/नगर परिषदों में करों एवं गैर करो के अधिभार में देय छूट का लाभ नागरिकों को नहीं दिया जा सका था जिस कारण नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलकर उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ नागरिकों को प्रदान किये जाने हेतु एक दिन की विशेष छूट दिए जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए है। राज्य शासन द्वारा सम्भतितकर, जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में सदर्भित पत्र में उल्लेखित शर्तो के साथ दिनाक 13.7.2024 (एक दिन) की विशेष छूट प्रदान की गई है। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत करदाता अपने बकाया संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि का भुगतान दीनदयाल पार्क पानी टंकी कार्यालय, जगन्नाथ जोन कार्यालय, कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, चंदनगांव जोन कार्यालय, लोनिया करबल जोन कार्यालय एवं निगम मुख्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।

## प्रति एकड़ 1 लाख रूपये का शुद्ध लाभ कमा रहे हैं किसान

### उप संचालक कृषि श्री सिंह ने ग्रीष्मकालीन देशी कद्दू की खेती का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह एवं सहायक संचालक कृषि श्री धीरज ठाकुर ने आज ग्राम झिरलिंगा में ग्रीष्मकालीन देशी कद्दू की खेती का अवलोकन किया । जिले का एक मात्र ऐसा ग्राम जहाँ हर किसान ग्रीष्मकालीन कद्दू लगाता है। इस ग्राम के किसान श्री नरेश ठाकुर, सरपंच, श्री इन्द्रसेन ठाकुर, श्री हरीष ठाकुर, श्री रायेसिंग ठाकुर, श्री बृजकुमार ठाकुर, श्री नेकराम साहू, श्री लक्ष्मण ठाकुर, श्री कैलाश ठाकुर, श्री कुबेर ठाकुर के साथ ही इस ग्राम के शत-प्रतिशत किसानों के द्वारा कद्दू फसल की खेती की जा रही है।

उप संचालक कृषि श्री सिंह ने बताया कि ग्राम के लगभग 400 किसानों द्वारा लगभग 500 एकड़ में कददू फसल लगाई गई थी। प्रति एकड़ 10 टन उत्पादन के मान से कम से कम एक लाख रूपये प्रति एकड का शुद्ध लाभ किसानों ने प्राप्त किया हैं। प्रति किलो 13-14 रूपये के मान से व्यापारी किसान के खेत से ही उठाकर ले जा रहे है। ग्रीष्मकालीन कद्दू की बोनी होली के बाद रामनवमी तक की जाती है। किसान बिना कीटनाशक दवा के देशी कद्दू के बीज स्वयं तैयार कर बोनी करते है, जिससे किसानों को लागत कम आती है एवं मुनाफा अधिक होता हैं।

छिंदवाडा जिले के लगभग 20-25 ग्रामों मे 2000 एकड़ में कद्दू की खेती की जा रही हैं। उप संचालक कृषि से चर्चा के दौरान किसानों द्वारा बताया गया कि अधिकतम कददू का वजन लगभग 65 किलोग्राम एवं औसतन 20-25 किलोग्राम होता है। जिले में कद्दू का टर्नओवर लगभग 20 करोड़ रूपये हैं। यह कद्दू प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेश बिहार, उडीसा, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र तेलंगाना आदि प्रदेश में जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री सिंह के साथ सहायक संचालक कृषि श्री ठाकुर एवं ग्राम के किसान उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने विधानसभा अमरवाड़ा के मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# मतदाताओं के लिए की गई मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 10 जुलाई 2024 को मतदान होना है, जिसके लिये 332 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। एक दिन पूर्व मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने विधानसभा अमरवाड़ा के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं के लिए की गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

इसके साथ ही मतदान दलों के ठहरने के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप श्री पार्थ जैसवाल भी उनके साथ थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम ब्लॉक अमरवाड़ा के मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर जन शिक्षा केंद्र सोनपुर का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसके बाद वे आदर्श मतदान केंद्र ग्राम पंचायत ढ़ोडाकुही का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। यहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये।

इसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने ब्लॉक तामिया की एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजोरी पठार, शासकीय प्राथमिक शाला भवन बाबई पठार और एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नागरी में बनाए गए मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम के दृष्टिगत सभी आवश्यक इंतजाम पूर्व से करने के निर्देश दिए हैं।

## ग्राम पंचायत में अधिकारियों की मिलीभगत से खुलेआम हो रही अनियमितता

# ग्रामीणों ने रोजगार सहायक की करतूतों की जनसुनवाई में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के अंतिम व्यक्ति के विकास के उद्देश्य की धज्जियां उड़ाते दिख रहे है पंचायतो के नुमाइंदे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत शासन द्वारा गांव-गांव निर्माण विकास कार्य कराने तथा ग्रामीणों को स्थानीय रोजगार उपलब्ध कराने सरकार जागरूकता दिखा रही है। लेकिन जवाबदारों की लापरवाही और भर्ष्टाचार और मनमानी के चलते बदहाली का शिकार हो गई है।कागजों में चल रही मनरेगा योजना, कहीं कार्य कहीं बंद तो कहीं अधूरे केन्द्र सरकार ने गांवों में बेरोजगार गरीब लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा योजना संचालित कर रखी है, लेकिन धरातल पर योजना का समुचित लाभ नहीं मिल रहा। कई जगह योजना कागजों में ही चल रही है। कहीं कार्यस्थलों पर श्रमिक नहीं मिलते लेकिन हाजरी पूरी मिलती है एक ऐसा ही मामला मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हो रही जनसुनवाई में आया है जिसमे शिकायतकर्ता जो कि स्वयं पंच है उनके द्वारा जनसुनवाई में दिए आवेदन में ये आरोप लगाए गए है कि ग्राम पंचायत दातलावादी में ग्राम सहायक कृष्णा कुमार सोमकुंवर द्वारा मनरेगा के जो मजदूर काम पर नहीं जाते है उनके मस्टर रोल निकालकर हाजरी भरते है और उनको लगातार मजदूरी का फर्जी भुगतान कि जा रहा है ग्राम सहायक द्वारा इन मजदूरों से डाली गई राशि जो कि वसूली जा रही है और ग्राम सहायक द्वारा मनरेगा मजदूरों से अपने निजी घर में भी काम कराया जा रहा है और ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया है कि ग्राम सहायक द्वारा ग्रामीणों से व मजदूरों से अच्छे तरीके से बात नहीं किया जाता और ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा अपने स्वयं के पारिवारिक सदस्यों के खाते में भी पंचायत का पैसा फर्जी रूप से मजदूरी दर्शा कर डाला जाता है एवं वंही मनोज धुर्वे जो मेट का काम करते है उनके परिवार के सदस्यी के खाते में भी मनरेगा योजना से मजदूरी का भुगतान किया जाता है। ग्राम रोजगार सहायक द्वारा शिकायतकर्ता से भी मुख्यमंत्री आवास के लिए 10000 रूपये की मांग किया गया था जो कि उनके द्वारा नहीं दिया। वंही शिकायत कर्ता द्वारा शिकायती पत्र में बताया गया कि ग्राम पंचायत दातलावाडी निवासी अनिल के नाम मुख्यमंत्री आवास सूची में नाम आना था। एवं रोजगार सहायक द्वारा उनसे भी 10000 रूपये की मांग किया गया था जिससे शिकायत कर्ता के हस्तक्षेप के बाद नहीं दिया गया जिससे वह अभी तक सूची में नाम नहीं आया इसकी शिकायत भी जनपद पंचायत जुन्नारदेव में की गई थी साथ ही अन्य ग्रामीणों द्वारा भी आवास के नाम पर 20000 रूपये की मांग किया जाता है। ग्राम रोजगार सहायक की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार जनपद में शिकायत की गई है जिसका जनपद के अधिकारियों द्वारा रोजगार सहायक से मिलीभगत के चलते शिकायतो पर आज तक कोई निराकरण नही किया गया है। ना ही कोई जांच की जाती हैं रोजगार सहायक द्वारा इंजीनियर ओर मैट से सांठ गांठ कर फर्जी हाजरी भारी जाती है और वंही जिन मजदूरों के नाम फर्जी हाजरी भर भुगतान किया जाता है और अगर भुगतान के बाद जिन मजदूरो द्वारा पैसे निकालकर नहीं दिया जाता है तो उन्हें उनके जॉब कार्ड बन्द करने की धमकी दी जाती है। ओर उनसे मजदूरी के एवज में थोड़ी से राशि देकर पूरी मजदूरी हड़प ली जाती है उदाहरण के लिए यदि मनरेगा के किसी कार्य में 5 मजदूर काम करते है तो रोजगार सहायक ओर मैट के द्वारा उक्त कार्य मे 25 से 30 लोगों की मजदूरी भरते है जिसे बाद में निकलवाकर आपसे बंदरबांट कर ली जाती है। उनके द्वारा लगभग पिछले 10 वर्ष से इस तरह के फर्जी भुगतान किए जा रहे है और उस तरह से ग्राम पंचायत का वं शासन के पैसा का दुरूपयोग किया जा रहा है। जनसुनवाई में आवेदन के साथ कुछ जॉब कार्ड व अन्य गबन से जुड़े दस्तावेज भी जनसुनवाई में दी गई है।

## प्रति शनिवार को राम जाप संकीर्तन का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री खेड़ापति मारुतिनंदन ग्रुप द्वारा विगत प्रति शनिवार से प्रातः 05:30 बजे श्री राम नाम जाप संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जो की आज छिन्दवाड़ा शहर स्थित सोनपुर मल्टी, वार्ड नंबर 24, में श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर समिति और श्री पंचमुखी हनुमान मन्दिर समिती के तत्वधान में किया गया।

इसी क्रम में श्री खेड़ापति मारुतिनंदन ग्रुप सुक्लूढाना छिन्दवाड़ा द्वारा शनिवार में प्रातः 05:30 बजे श्री राम नाम जाप संकीर्तन का आयोजन रखा गया, जो कि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्ड नं 24, सोनपुर मल्टी से प्रारंभ होकर श्री शिव मंदिर, श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर, श्री काली मंदिर, श्री महानागेश्वर शिव मंदिर, सोनपुर मल्टी एवम वार्ड नंबर 24 में पूरे वार्ड का भ्रमण कर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्री राम नाम जाप संकीर्तन का आयोजन विधि पूर्वक समापन किया गया। श्री राम नाम जाप संकीर्तन प्रति शनिवार प्रातः 05:30 बजे से छिंदवाड़ा शहर के अलग अलग वार्डो से निकाली जाती है। जिससे की आमजन, मोहल्ले वाशी एवम सभी सनातनी धर्म प्रेमी बंधु श्री राम नाम जाप संकीर्तन से जुड़ेंगे।

श्री खेड़ापति मारूतिनंदन ग्रुप सुक्लूढाना छिन्दवाड़ा के सभी सदस्यों ने सभी भक्तो से आग्रह किया है, की आप सभी भी अधिक से अधिक जनसंख्या में इस श्री राम नाम जाप संकीर्तन में आए एवम पुण्य लाभ कमाए । इस अवसर में मोहित डेहरिया, हरीश यादव, पंकज यादव, भानु प्रताप सिंह राठौर, रोहित खातरकर, जयन्त रघुवंशी, गणेश यादव, आवेश यादव, अश्विन यादव, दुर्गेश यादव, यश डेहरिया, रचित(वाशु) रोतेल, सत्यम पाल, वंश यादव, कुलदीप यादव, दुर्गेश यादव, आकाश यादव, शिवम विश्वकर्मा और ग्रुप के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

## त्रिशला महिला मंडल ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा


इन दिनों जैन समाज के विविध सेवा भावी संगठन सेवा कार्य के माध्यम से समाज सहित छिंदवाड़ा का गौरव बढ़ा रहें हैं फिर वह कार्य स्वच्छता का हो, वृक्षारोपण का हो, चिकित्सकों के सम्मान का हो या फिर रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरत मंदों की सेवा का हो। जिसमे सामाजिक संगठन अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, सर्वोदय अहिंसा, जैन सोशल वूमेन ग्रुप, तारण तरण नवयुवक मंडल, संस्कृति मंडल अपने कार्यों से समाज का गौरव बढ़ा रही हैं। अभी हाल ही में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में चल रही रक्त की कमी की खबर को परासिया की त्रिशला महिला मंडल ने गंभीरता से लिया और लायंस क्लब के अलकेश जैन से चर्चा की।

ब्लड बैंक की प्रभारी डॉक्टर रंजना टांडेकर से परासिया में रक्तदान शिविर लगाने अनुनय किया। श्री जैन के निवेदन पर डॉक्टर टांडेकर ब्लड बैंक की टीम को रक्त वाहन के साथ परासिया पंहुचाया जहां 20 अहिंसा प्रेमियों ने रक्तदान दान कर मानव सेवा का फर्ज अदा किया।

### इन्होंने किया रक्तदान

त्रिशला महिला मंडल की अपील पर संदेश पटोरिया, आलोक सिंघई, संदेश जैन, सारांश जैन, चंद्रकांत, रेणु जैन, नीतू जैन, पूजा अग्रवाल, मनीषा जैन, ममता जैन, नयन जैन, सरला जैन, आयुष जैन, सुनिल पंवार, आदित्य पांडे शामिल है।

## रश्मि पटेल जुनेजा ने हासिल की पीएचडी की डिग्री



**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** नगर की होनहार सहायक प्राध्यापक रश्मि पटेल जुनेजा ने पीएचडी की डिग्री हासिल कर अप्रतिम उपलब्धि प्राप्त की है। इन्होंने यह डिग्री प्रबंधन विषयांतर्गत ₹एन एवालुएटिव स्टडी ऑफ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना विद स्पेशल रिफरेंस जबलपुर डिवीजन₹ विषय पर शोध प्राप्त कर हासिल की है। यह शोध मध्य प्रदेश के जबलपुर डिवीजन के तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के सन 2015 से 2020 के दरमियान के मूल्यांकन पर आधारित है। नागपुर के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय के फिलासफी विभाग के द्वारा उन्हें यह डिग्री प्रदान की गई। इस शोध में उनका मार्गदर्शन उपसंचालक डॉक्टर मुजाहिद सिद्दीकी के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा नगर की यह होनहार रश्मि पटेल जुनेजा वर्तमान में नागपुर के डॉ आंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च, दीक्षाभूमि में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ₹नेट₹ परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्री अजित पटेल, माता श्रीमती उज्जवला पटेल व परिजनो एवं गुरुजनों को दिया है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर प्राकृतिक संरक्षण का दिया संदेश



**चौरई।** मुख्यमंत्री योगी डॉ मोहन यादव के पेड़ लगाओ मुहिम का छिंदवाड़ा जिले के चौरई तहसील मे जनप्रतिनिधि, अधिकारी मंगलवार को हिस्सा बने। नगर पालिका की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एस डी एम प्रभात मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, फराजाना शहीद मंसूरी ने पौधों को लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश दिया। कार्यक्रम में पौधा लगाने के बाद प्रभात मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने कहा कि हर व्यक्ति मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पौधरोपण के मुहिम में सम्मिलित हो सकता है। उसे एक पौधा लगाकर अपनी मां को समर्पित करना है। पौधे का रख रखाव करते हुए उसे वृक्ष बनने तक सेवा करनी है। मुख्यमंत्री ने एक पौधा अपनी मां के नाम लगाया है। हम सभी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए अपने घरों में एक एक पौधा लगायेंगे। उस पौधे को अपनी मां को समर्पित करेंगे। उसे रोजाना खाद, पानी देकर बड़ा करने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम की शुरुआत की और इसे प्राकृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक बताया है। वार्ड न. 12 की पार्षद फरजाना शहीद मंसूरी ने कहा की अपने काम के बीच से समय निकाले और मां को समर्पित करते हुए एक पौधा अवश्य ही लगायें। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सहित संजय जैन, कुलदीप उइके, पार्षद अर्जुन रघुवंशी एम पी ई बी जे ई श्री उमरे नगर पलिका यांत्रिकी शेख आशिक सुमेर साहू नजीब मंसूरी विष्णु यादव आदि मौजूद रहे।

## पीयूष ने जीता बैंक मित्र संघ का चुनाव

### राष्ट्रीयकृत बैंक मित्र संघ का चुनाव सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के बैंक मित्रो के पंजीकृत ट्रेड यूनियन, राष्ट्रीयकृत बैंक मित्र संघ के लिए प्रथम बार जिलाध्यक्ष पद हेतु चुनाव छिंदवाड़ा में संपन्न हुए, कुल 123 पंजीकृत बैंक मित्रों ने उत्साह से 100 प्रतिशत मतदान किया। इस चुनाव में कुल 3 प्रत्याशियो क्रमशः श्री एजाज खान, श्री रामभरोस सिंह जम्होरे तथा श्रीपीयूष खुराना के बीच मुकाबला था। कुल विधि मान्य मतो में से पीयूष खुराना को 59, एजाज खान को 39 और रामभरोस जमहोरे को 25 वोट प्राप्त हुवे । इस प्रकार पीयूष खुराना जी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एजाज खान को 20 वोट से हराकर इस चुनाव में जीत दर्ज की। विजय प्रत्याशी पीयूष खुराना को एलडीएम सर द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के सभी बैंक मित्रों द्वारा नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई है।

# विवाद में आया सुलभ प्रसाधन निर्माण : दिग्धा पंचायत ने आंजनबिहरी पंचायत की सीमा में लोनिवि. की भूमि पर किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल की दो ग्राम पंचायतों के बीच लोक निर्माण विभाग की रिक्त भूमि में निर्माणाधीन सुलभ प्रसाधन को लेकर विवाद हो रहा है. यह विवाद एक ग्रामीण और दिग्धा पंचायत के बीच चल रहा है. दरअसल, बोनकट्टा से महकेपार को जोड़ने वाली सड़क में ग्राम पंचायत आंजनबिहरी की सीमा में लोक निर्माण विभाग की रिक्त भूमि पर ग्राम पंचायत दिग्धा सुलभ प्रसाधन का निर्माण करवा रही है. ग्राम पंचायत दिग्धा के उपसरपंच दिलीप गुप्ता के द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है. इस निर्माण को लेकर पंचायत के भीतर भी अलग से विवाद की स्थिति बनी हुई है. लोक निर्माण विभाग की भूमि पर निर्माण होने के कारण पंचायत सचिव निर्माण से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहा है. वहीं पंचायत के बाहर पड़ोसी ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के ग्रामीण राकेश रामटेके ने भी निर्माण को लेकर आपत्ति उठाई है. आपत्तिकर्ता ग्रामीण का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध तरीके से सुलभ प्रसाधन और ठेला लगवाकर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है. जिस पर अभी अंकुश नहीं लगाया गया तो अतिक्रमण को बढ़ावा मिलेगा. बता दें कि जहां पर निर्माण किया जा रहा है. वहां से ग्राम पंचायत आंजनबिहरी की सीमा लग जाती है. यह प्रसाधन आंजनबिहरी की भूमि पर निर्मित हो रहा है।

ग्राम पंचायत दिग्धा की महिला सरपंच सुमलो बाई से जब निर्माण को लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि पंचायत के द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है. वहीं पंचायत के उपसरपंच दिलीप गुप्ता ने राहगीरों की सुविधाओं को देखते हुए निर्माण करवाने की बात कहीं है. उन्होंने बताया कि सुलभ प्रसाधन के निर्माण का ठेका काफी पहले ही एक मिस्त्री को दे दिया था. निर्माण में लगने वाले मजदूरी खर्च की राशि भी मिस्त्री को दे दी लेकिन वह निर्माण को अधूरा छोड़कर भाग गया है. नया मिस्त्री ढूंढकर शीघ्र ही निर्माण करवाया जाएगा. जबकि ग्राम पंचायत आंजनबिहरी निवासी आपत्तिकर्ता राकेश रामटेके का कहना है कि इस तरह से अवैध निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है. उन्होंने कथित तौर पर अवैध तरीके से निर्माणाधीन सुलभ प्रसाधन के निर्माण पर रोक लगाने के लिए तार की फेंसिंग कर दी थी. मगर, दिग्धा पंचायत ने आपत्तिकर्ता को ही नोटिस जारी कर दिया. बहरहाल, इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ही ध्यान देने की जरूरत है. विभाग के अधिकारियों के दखल के बाद ही यहां उपज रहे विवाद को सुलझाया जा सकता है।

## 3 माह बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्यवाही नहीं किये जाने का लगाया आरोप

# मृतिका योगिता की माँ ने बेटी की हत्या करने का लगाया आरोप

### मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से की विशेष जॉच टीम बनाकर जॉच करवाने की मॉग



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत थानेगॉव निवासी मीराबाई तुरकर ने जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पू पटेल व ग्रामीणों के साथ जाकर 9 जुलाई को पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट व पुलिस अधीक्षक बालाघाट को लिखित शिकायत कर पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में पदस्थ अधिकारियों पर उनकी पुत्री की हत्या के मामले को आत्महत्या का मामला बनाने और आरोपियों पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जॉच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मॉग की हैं।

**योगेन्द्र चौहान द्वारा बेटी को किया जा रहा था परेशान:** शिकायतकर्ता मीराबाई तुरकर ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री योगिता नीट की तैयारी करने के लिए बालाघाट हनुमान चौक में एक मकान में किराये से मेरे चचेरे भाई की बेटी सलोनी बिसेन मांझापुर के साथ रहती थी। बालाघाट में रहने के दौरान योगिता की पहचान दवाई कंपनी में काम करने वाले एम आर योगेन्द्र चौहान से हो गई थी। पहले उनकी मोबाईल पर वाट्सएप व इंस्टाग्राम पर बातचीत होती थी, बाद में फोन पर भी बात होने लगी। इस दौरान युवक ने योगिता से शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाना प्रारंभ क र दिया और नहीं मानने पर बदनाम करने और जीवन समाप्त करने की धमकी देने लगा था। जिससे योगिता शारीरिक व मानसिक सदमे की शिकार हो गई थी और वह 18 अप्रैल 24 को थानेगॉव घर आ गई थी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि घर आने के बाद योगिता ने इस बात की जानकारी उन्हें दी थी। जिस पर उन्होंने उससे कहा था कि यदि वह फिर से परेशान करता हैं, तो पुलिस थाने में शिकायत कर हमको सूचित करना हम तत्काल बालाघाट आ जायेगे। फिर 19 अप्रैल 24 को वह बालाघाट कोचिंग के लिए चली गई थी। लेकिन 20 अप्रैल 24 को उसके साथ रहने वाली सलोनी का फोन आया कि योगिता कमरे में नहीं हैं और उसका मोबाईल कमरे में ही रखा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने योगिता को खोजने के लिए सभी रिश्तेदारों को जगह-जगह फोन किया, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला।

**बैनगंगा नदी में रेल्वे पुल के नीचे मिला था योगिता का शवः** इसी बीच रात्रि करीब 11 बजे जानकारी मिली कि बैनगंगा नदी में स्थित रेल्वे पुल के नीचे ग्राम गर्रा की ओर वाले छोर में कोतवाली पुलिस बालाघाट को एक लडक़ी का शव मिला हैं। जो जिला चिकित्सालय बालाघाट में रखा हुआ हैं। जिसके बाद हमने जिला चिकित्सालय बालाघाट में जाकर शव को देखा, तो वह हमारी पुत्री योगिता का शव था। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का 21 अप्रैल 24 को पोस्टमार्टम करवाया गया। जिसका अंतिम संस्कार हमारे द्वारा ग्राम थानेगॉव में किया गया था।

**योगेन्द्र चौहान पर लगाया साथियों के साथ हत्या करने का आरोपः** शिकायतकर्ता का कहना हैं कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार योगिता की मृत्यु दम घुटने और कान से खून निकलने से हुई हैं, जिससे स्पष्ट हैं कि यह लक्षण किसी व्यक्ति का गला दबाने पर ही उत्पन्न होते हैं, जिससे साफ हैं कि मेरी बेटी की हत्या की गई हैं। उन्होंने संदेह व्यक्त किया हैं कि मेरी पुत्री योगिता की हत्या में योगेन्द्र चौहान बुधाटोला के द्वारा राजेश बिसेन, शुभम, संकेत ठाकरे, रोशनी ठाकरे एवं सलोनी बिसेन का भी सहयोग लिया गया हैं। इन सब बातों की जानकारी विवेचना अधिकारी को भी दी गई हैं। लेकिन हमारी बातों को अनसुनी कर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं।

**विवेचना अधिकारी पर लगाया पीएम रिपोर्ट व मोबाईल की कॉल डिटेल पर ध्यान नहीं देने का आरोप :** शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया हैं कि विवेचना अधिकारी द्वारा मृतिका का जो मोबाईल प्राप्त किया गया था, उसके बारे में कोई जानकारी ना देकर मोबाईल को फारेंसिंक जॉच के लिए भेजा जाना बताया जा रहा हैं, जबकि मोबाईल को विधिवत जप्त भी नहीं किया गया हैं। विवेचना अधिकारी द्वारा एक नाबालिग बालिका की हत्या जैसे गंभीर अपराध में बालिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

**इनको भेजी गई हैं शिकायतः** शिकायतकर्ता मीरा तुरकर ने बताया कि इसके पूर्व 14 जून 24 को भी मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों को की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। इसीलिए 9 जुलाई 24 को उनके द्वारा पुनः पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, राज्यपाल भोपाल, मुख्यमंत्री भोपाल, गृहमंत्री भोपाल, पुलिस महानिदेशक भोपाल, अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग भोपाल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बालाघाट को एक लिखित शिकायत करते हुए मृतिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को संलग्न करते हुए किसी अन्य विवेचना अधिकारी से इस संबंध में विशेष टीम गठित कर योगेन्द्र चौहान एवं उनके साथियों के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मॉग करते हुए पुत्री के हत्यारों को कठोर से कठोर सजा दिलवाने की मॉग की हैं।

### इनका कहना हैं

ग्राम थानेगॉव की नाबालिग बालिका की मौत से पूरे गॉव वाले उद्वेलित हैं। बालाघाट पुलिस को चाहिए कि वह शिकायतकर्ता मीरा तुरकर की शिकायत पर निष्पक्ष जॉच कर दोषियों को कठोर से कठोर से सजा दिलवाये। जिससे कोई और शख्स इस प्रकार की हरकत दोबारा ना कर सके।

**ज्ञानप्रकाश पटेल, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालाघाट**



## कैरियर शिक्षा समिति ने जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी ने जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवदयाल बोपचे एवं विकास खंड समन्वयक सुरेन्द्र भगत की अध्यक्षता में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत कर पौधारोपण से किया गया। इस अवसर पर नवांकुर नर्सरी निर्माण की घोषणा की गई। इसके बाद सभा का शुभारंभ ''माँ सरस्वती'' के छाया चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि श्री बोपचे द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया। छात्रा द्वै कुमारी, श्रुति गौतम एवं कुमारी भूमिका सोनकुसरे द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत संचालक निरंजन बिसेन द्वारा नवांकुर संस्था द्वारा संपन्न कराये गये कार्यो की जानकारी अपने उद्बोधन में देते हुये उपस्थितजनों से एक पेड़ माँ के नाम को सफल बनाने की अपील की गई। विशेष अतिथि श्रीमती सावित्री राणा द्वारा अपने सारगर्भित एवं मर्मस्पर्शी उद्बोधन में पौधारोपण कर भारत माता का हरियाली रूपी आभूषण से सजावट करने की प्रेरणा देते हुए एक पेड़ माँ के नाम के अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

## महावीर इंटरनेशनल अपेक्स का संकल्प 'प्राणी मात्र की सेवा के लिए समर्पित'

# महावीर इंटरनेशनल 50 वां स्वर्ण जयंती समारोह दिल्ली में सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सेवा संकल्प के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण राष्ट्र देश में सेवा के माध्यम नए आयाम स्थापित कर सेवा कार्य सतत निरन्तर जारी रहेंगे। 7 जुलाई रविवार को मानिकसाव एड्टीटोरियम नई दिल्ली में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मुख्य आतिथ्य में और मुख्य आतिथ्य अशोक अग्रवाल जी। प्रिसिडेंट इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन, सदस्य केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड जी ओ आई श डॉ बलराम भार्गव पूर्व डी जी आई सी एम आर नई दिल्ली विशेष सहयोगी ओसवाल कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और रूप पोल्मर्स लिमिटेड दिल्ली के द्वारा गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन रविवार 7 जुलाई 2024 मानेकसाय सेंटर एड्यूटियोरियम दिल्ली कैंट नई दिल्ली एवं महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन जी की उपस्तिथि में आयोजित हुआ। इस अवसर पर देश भर से महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सभी सदस्यों की गरिमामय उपस्थित थे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सोहन वैद्य के नेतृत्व में रीजन -9 के सभी सदस्यों ने दिल्ली के समारोह में शामिल हुए जिनमे सर्व श्री महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एम आई एफ मेम्बर वीर सोहन वैद्य ,वर्तमान अंतर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर तरूण सुराणा , श्रीमती विभा अवस्थी रायपुर छत्तीसगढ़, , वीर विशाल राऊत खोंगल , अनीस खान ,श्रीमती सुनीता सुराणा जोन विदर्भ चेयरमेन नागपूर, श्रीमति स्मिता मूणत नागपुर,निरंजन हरितवाल , रमेश कोठरी और महावीर परिवार के अनेक सदस्य की उपस्थित थे।

हमारी प्राथमिकता सर्व प्रथम अति नक्सल प्रभावित इलाकों में निवास करने वाले जंगल जमीन पर प्राभावित क्षेत्र में ऐसे लोग जहां पर सूर्य की किरणें भी नहीं पहुंच पाती क्षेत्र में पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित सहयोग करना और शिक्षा से संबंधित करें अवगत कराकर मूल धारा से जोड़कर तरक्की के रास्ते पर बढ़ते, रहे शासन की योजना उनके लिए संचालित होती है इनका पूर्ण लाभ उन्हे मिले जो नहीं मिल पाता है महावीर इंटरनेशनल की कोशिश होगी वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हो कर अपना रास्ता स्वयं जिम्मेदार से पूर्ण करे ।

### ठरका नदी के निर्माणाधीन पुल के पास बनी डायवर्सन पुलिया बही

# मड़वा से हथनापुर के बीच आवागमन हुआ बंद



**जिला मुख्यालय से महज 18 किलोमीटर दूर लखनवाड़ा से हथनापुर मार्ग पर ग्राम मडवा और हथनापुर के बीच से बहने वाली ठरका नदी में नवीन पुल निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाये जाने के लिए ठेकेदार द्वारा नदी में डायवर्सन मार्ग और पुलिया बनायी गई थी जो विगत दिवस हुई तेज बारिश के चलते नदी में आयी बाढ़ में बह गई। डायवर्सन मार्ग के बह जाने हथनापुर से मडवा के बीच आवागम पूर्ण रूप से बंद हो गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उल्लेखनीय होगा कि लखनवाड़ा से जैतपुर कला होकर मडवा से हथनापुर को जोडऩे वाले मार्ग के निर्माण कार्य लंबे समय से किया जाते रहा है तो वहीं इस मार्ग पर पडऩी वाले ठरका नदी का पुल पुराना और जर्जर हो जाने के चलते उच्चस्तरीय पुल के निर्माण की ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी जिसके बाद ठरका नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण स्वीकृत किया गया। जिसके बाद निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण एजेंसियों को शर्तो के आधार पर निर्माण का टेंडर दिया गया। निर्माण एजेंसी द्वारा पुराने पुल को तोड़कर उसके स्थान पर नवीन पुल का निर्माण प्रारंभ किया और इस मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध ना हो इसके लिए निर्माण एजेंसी के द्वारा ठरका नदी में डायवर्सन मार्ग एवं पुलिया का निर्माण किया गया, जिससे आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे।
निर्माण के दौरान ठंड और गर्मी के दिनों में तो उक्त डायवर्सन मार्ग से आवागमन सुचारू रूप से चलता रहा, लेकिन जैसे ही बारिश प्रारंभ हुई वैसे ही परेशानी का सबब उक्त डायवर्सन मार्ग बनने लगा। बारिश में उक्त मार्ग में कीचड़ होने से वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती रही, लेकिन इसके बाद भी आवागमन जारी था। विगत दिवस हुई तेज बारिश के चलते ठरका नदी में आयी बाढ़ से निर्माणाधीन पुल के बाजू से बनायी गई डायवर्सन पुलिया का ऊपरी हिस्सा पानी में बह गया और पुलिया के ऊपर से पानी बहना प्रारंभ हो गया, जिसके चलते मडवा और हथनापुर के बीच आवागमन अवरूद्ध हो गया।
डायवर्सन पुलिया का ऊपरी हिस्सा बह जाने से मडवा और हथनापुर मार्ग के बीच आवागमन बंद हो जाने से जहां ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है तो वहीं हथानापुर स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं जाम स्थित स्कूल व कॉलेज में अध्ययन करने जाने वाले विद्यार्थियों के साथ ही हथनापुर, पिपरिया सहित आसपास के गांव से सिवनी अध्ययन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है और विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर नदी को पार करके स्कूल जाने के लिए मजबूर है। तो वहीं ग्रामीण भी अपने काम के लिए 10 से 12 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करके जाम से मुंगवानी होकर सिवनी की ओर जा रहे है, जिससे लोगों के ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

# इधर, नदी में डूबे दो युवक एक को बचाया, दूसरे युवक का दो दिन में मिला शव

सिवनी-मंडला सीमा पर स्थित नदी में एक बाइक में सवार दो लोगों के नदी में डूब जाने पर जैसे-तैसे एक युवक तैरकर किसी तरह बाहर निकाल। जहां उसकी जान बच गई। वहीं दो दिन बाद दूसरे युवक का शव केवलारी होमगार्ड के जवानों ने वह अन्य गोताखोरों में सोमवार की शाम नदी से शव को बाहर निकलने में कामयाब हुए।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**
सुजालपारआलोन नदी लालपुर पुलिया में से पार करते समय हीरो स्प्लेंडर सहित अभिलाष भलावी पिता रमेश प्रसाद भलावी उम्र 20 वर्ष जाति गोंड निवासी साररा पिपरिया व निखिल धुर्वे पिता लक्ष्मण प्रसाद धुर्वे उम्र 20 वर्ष निवासी ब्लॉक कॉलोनी नैनपुर रात्रि 8:00 बजे नैनपुर से घंसौर जाते समय तेज बहाव में पुलिया पार करते समय बह जाने से निखिल धुर्वे पिता लक्ष्मण धुर्वे लापता था। तथा अभिलाष भलावी तैरकर बाहर निकल गया। सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे होमगार्ड कमांडेंट लता पांडे, पीसी धर्मेंद्र अंगारे के द्वारा टीम भेजी गई। टीम में शामिल गौरी शंकर डोंगरे, विजेंद्र उमाशंकर, भील, गुलाब सैयाम, यशवंत, गायत्री व केवलारी थाना से विजेंद्र दुबे, कमलेश शर्मा, बलराम शव की तलाश में जुटे रहे। जहां सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे नदी में डूबे युवक निखिल का शव मिला। शव बाहर आते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्राम खुर्सीपार के समीप का नाला सिवनी व मंडला जिला की बॉर्डर से लगा हुआ है। पिंडरई पुलिस चौकी थाना नैनपुर जिला मंडला ने पंचनामा बनाया।

# आखिर कब तक चुप रहेगा मध्यप्रदेश का शोषित अध्यापक शिक्षक संवर्ग

## अन्याय और शोषण जारी रहेगा तो आंदोलन भी होंगे

**आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मध्यप्रदेश में सरकार की मंशा के विरुद्ध अभी भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग का शोषण का सिलसिला जारी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सरकार के अनेक संभाग और जिलों में जिम्मेदार विभागीय अधिकारी विगत छः सात वर्षों से अध्यापक शिक्षक संवर्ग के उच्च माध्यमिक शिक्षकों , माध्यमिक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों की प्रतिवर्ष प्रदेश, संभाग और जिला स्तर पर जारी होने वाली आपसी वरिष्ठता सूची का प्रतिवर्ष 01 अप्रैल की स्थिति में अंतिम प्रकाशन नहीं कर पा रहे हैं । 12 और 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले अध्यापक शिक्षक संवर्ग की क्रमोन्नति की आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं। 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतनमान के आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं।
वर्षों से पदोन्नति से वंचित उच्च पद के लिए योग्य उच्च माध्यमिक शिक्षकों , माध्यमिक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों के उच्च पद प्रभार के आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं । सेवानिवृत्त होने वाले अध्यापक शिक्षक संवर्ग की एनपीएस की राशि, बीमा की राशि और ग्रेच्युटी की राशि का समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं ।
स्कूल शिक्षा विभाग से जनजाति कार्य विभाग में और जनजाति कार्य विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग को वर्तमान में कार्यरत विभाग में पदस्थ करने के आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं।
विगत वर्षों में दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं । अनेकों अध्यापक शिक्षक संवर्ग के वर्षों से लंबित एरियर्स राशि का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग के कुछ तानाशाह अधिकारियों द्वारा विगत छः सात वर्षों से जानबूझकर शोषण किया जा रहा है अध्यापक शिक्षक संवर्ग को आर्थिक और मानसिक रूप से सतत प्रताड़ित किया जा रहा है।
आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने बताया है कि संघ द्वारा अनेक बार कुछ अधिकारियों की ऐसी कार्यप्रणाली से विभागीय मंत्रियों और विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवा दिया गया फिर भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के हितार्थ लंबित आदेश वर्तमान में भी लंबित है।
भरत पटेल ने बताया है कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश अपने अध्यापक शिक्षक संवर्ग के शोषण का यह सिलसिला ओर बहुत दिनों तक बर्दाश्त नहीं करेगा शोषण होता रहा तो आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश आगामी माहों में प्रदेश से लेकर जिला, ब्लाक और संभाग स्तर पर उग्र आंदोलन की शुरुआत करेगा।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 115 आवेदन

# साहब मेरी पुत्री का सीएम राईज स्कूल में प्रवेश दिलाएं

**प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मंगलवार 09 जुलाई को आयोजित हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई में विवेकानंद वार्ड निवासी वन क्षेत्रपाल के पद से सेवानिवृत्त बालिकराम ठाकुर द्वारा पेंशन निर्धारण की अंतर राशि का भुगतान कराने विषयक, ग्राम पिपरिया कुरई निवासी मीनाबाई द्वारा अनावेदक द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने एवं कृषि कार्य न करने की शिकायत विषयक, घंसौर निवासी शशिकला कुमरे द्वारा सेवा निवृत्त होने उपरांत पेंशन दिलाए जाने बावत, ग्राम बरेलीपार निवासी जमेशाह द्वारा कब्जाधारी भूमि का पट्टा दिलाए जाने विषयक, ग्राम रिड्डी निवासी धरमदार कलार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाए जाने, सिवनी निवासी शेख मुबारिक द्वारा धान फसल विक्रय की राधि दिलाए जाने, ग्राम भंडारपुर निवासी रामकुमार सनोडिया द्वारा खसरा नक्शा के अनुसार भूमि सीमांकन कराने बावत, सिवनी निवासी रीता मालवी द्वारा लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आवास प्रदाय किए जाने, ग्राम करहैया निवासी तीरथ प्रसाद नामदेव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, कबीर वार्ड सिवनी निवासी लक्ष्मी सोनी द्वारा गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम कंडीपार निवासी राजू उइके द्वारा संबल कार्ड का लाभ दिलाए जाने, सिवनी निवासी शेख अनीस खान द्वारा ग्राम पंचायत भोंगाखेड़ा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य की मजदूरी दिलाए जाने, ग्राम मडवा निवासी हिम्मत भलावी द्वारा सीएम राईज स्कूल में पुत्री का प्रवेश दिलाए जाने, सीव्ही रमन वार्ड निवासी नीरज मालवीय द्वारा नाली की सफाई कराने विषयक सहित कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश सीईओ श्री विजय ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# कुख्यात बदमाश जिला बदर उलंघन करने पर लखनादौन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजःलखनादौन।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रण हेतु सकिय बदमाशों व जिला बदर उलंघन करने वाले आदतन अपराधियों / वदमाशों के विरूद्ध चैकिंग कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है, इसी कडी में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा, अनु० अधि० पुलिस श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन पुलिस द्वारा कुख्यात बदमाश को जिला बदर का उलंघन करने पर गिरफतार करने में वडी सफलता प्राप्त की है । थाना लखनादौन क्षेत्र का कुख्यात बदमाश आकाश परधान पिता स्व. पप्पू परधान उम्र 30 वर्ष निवासी मडई थाना लखनादौन के विरूद्ध पूर्व से बलात्कार, अडीबाजी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, के अपराध पंजीबद्ध है बदमाश के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय सिवनी द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए सिवनी जिले से बाहर जिला बदर किया गया था । श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय सिवनी के आदेश के पालन में बदमाश को जिला सिवनी के बाहर जिला कटनी दिनांक 30/05/2024 को छोडा गया था। दिनांक 08/07/2024 को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लखनादौन का जिला बदर बदमाश आकाश परधान निवासी मडई थाना लखनादौन का ग्राम मडई में घुम फिर कर लोगों को डरा धमका कर अडीबाजी कर रहा है। सूचना पर दबिश देकर बदमाश आकाश परधान को पकड़ा गया एवं जिला बदर का उलंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही कर गिरफतार किया गया व बदमाश के विरूद्ध थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 346 / 2024 धारा 14 म०प्र० राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया । एवं माननीय न्यायलाय प्रस्तुत किया गया, जहां से बदमाश को जेल भेजा गया । **गिरफतार आरोपी का नाम** :- आकाश परधान पिता स्व. पप्पू परधान उम्र 30 वर्ष निवासी मडई थाना लखनादौन जिला **सिवनी सराहनीय कार्य** :- थाना प्रभारी लखनादौन श्री निरीक्षक के.पी. धुर्वे, उपनिरी. आर. एस. राजपूत, आरक्षक 43 नवनीत पाण्डेय, आरक्षक 698 नरेन्द्र तुमसरे, आरक्षक 767 अजय आम्रवंशी, आरक्षक 797 अरविंद यादव, व चालक आरक्षक 670 प्रकाश उईके, का सराहनीय योगदान रहा ।

# छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद के द्वारा सम्मानित किया

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई की केवलारी जिला सिवनी द्वारा आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विद्यालय में आए प्रथम छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद के द्वारा सम्मानित किया गया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जिसमें स्मृति चीन और प्रमाण पत्र दिया गया जिसमें विद्यार्थी परिषद के जिला समिति सदस्य ज्वाला सिंह बघेल नगर मंत्री यशवंत चौरसिया नगर शहर मंत्री राज तिवारी कॉलेज मंत्री अभय बघेल उपस्थित रहे एवं सम्मानित होने वाले छात्र में उपस्थित हैं कक्षा दसवीं में उतरन विद्यार्थी सिमरन सोनी 96%, नमामि बोपाचे 95% रिया वैष्णव 93.4% नेहा बघेल, 88.2% दुर्गा शंकर नायक 82.4%, वैष्णवी बघेल 90.4% बिंदिया जघेला 83.2% सलोनी साहू 86.4% सृष्टि बघेल 93.2% कक्षा 12वीं के उतरन विद्यार्थी मुनमुन राय 96% स्नेहा तिवारी 93.2% अपूर्व तिवारी 87.6% अमृता चंदेल 89.2% हर्ष उइके 86.6%।

### दिनेश राय मुनमुन का बड़ा सपना होगा साकार

# जिले का मेडिकल कॉलेज शीघ्र होगा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने सिवनी के यशस्वी विधायक दिनेश राय मुनमुन की महत्वकांक्षी मांग सिवनी में मेडिकल कालेज प्रारंभ करने को साकार रूप प्रदान कर दिया है । सिवनी विधायक के लगातार सकारात्मक प्रयास सिवनी जिले के साथ ही पड़ोसी जिलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा । इस आशय की बात भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही । भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की जिले के विकास के प्रति सकारात्मक भूमिका के चलते अनेक ऐसी बड़ी सौगाते प्राप्त हुई है, जिनके लिये सिवनी जिले की जनता बड़ी शिद्दत से मांग करते रही है । इन्हीं में से एक मांग सिवनी मेडिकल कालेज की रही है जो इस वर्ष विधिवत प्रारंभ हो रहा है । इस मेडिकल कॉंलेज पर विघ्नसंतोषियों ने अनेक सवाल खड़े किये, रोकने के प्रयास किये परंतु सिवनी विधायक ने हिम्मत नहीं हारी और मेडिकल को प्रारंभ कराने में पूरी ताकत लगा दी । श्री अग्रवाल ने बताया कि यह मेडिकल कॉंलेज सिवनी जिले के साथ ही अन्य पड़ोसी जिलों के लिये भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करेंगा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा । श्री अग्रवाल ने बताया कि दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के





निरंतर विकास के साथ ऐसी बड़ी अपेक्षाओं को पूरा करने में सफल रहे है, जिसके लिये सिवनी की जनता लगातार मांग करते रही है और कांग्रेसी उन सुविधाओं को छीनकर पड़ोसी जिले को उपकृत करने के प्रयास करते रहे । ऐसी प्रमुख मांगो में फोरलेन मार्ग जिसे कांग्रेस के नेता छिंदवाड़ा से लेकर जाने के लिये पूरी ताकत लगा रहे थे । उसके लिये भी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के माध्यम से घोषणा करानी पड़ी की सूर्य भले ही पश्चिम से उदय होने लगे पर फोरलेन तो सिवनी से होकर ही जायेगी और आज शानदार फोरलेन सिवनी से होकर ही जा रहा है और यह फोरलेन इतना आधुनिक है कि विश्व स्तर पर इसकी चर्चा होती है । इसी प्रकार सिवनी जिले की तस्वीर बदलने के लिये पेंच की नहरों का जाल बिछाने के लिये उनकी सक्रियता निरंतर बनी हुई और कार्य की गुणवत्ता के लिये उन्होंने कार्य एजेंसियों पर सवाल खड़े किये । श्री अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र एवं जिले को अधिकतम लाभ दिलाने के लिये उनके सकारात्क प्रयासों के बेहतर परिणाम दिखाई दे रहे है । हर सरकारी योजना से अधिकतम कराने के लिये उनके लगातार सराहनीय प्रयास और हर कार्यो में सजगता के साथ पूरी गुणवत्ता की चिंता की जा रही है । सरकार की जनकल्याण की योजनओं का हर पात्र व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो ऐसा प्रयास वे विधानसभा क्षेत्र का सघन जनसंपर्क कर करते रहते है और निरंतर आमजनों के संपर्क में रहकर उनके दुख दर्द को दूर करने में पूरी सक्रियता का परिचय देना उनकी पहचान बन गयी है । श्री अग्रवाल ने सिवनी मेडिकल कॉंलेज की मांग पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रति आभार ज्ञापित किया है एवं सिवनी जिले की जनता को बधाई दी है ।

### विधायक दिनेश राय ने मुख्यमंत्री की जनसभा व रोड-शो मे किया शिर्कत

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की जनसभा एवं रोड शो मे शिर्कत किया। आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बटका खापा हर्रई मे भाजपा प्रत्याशी श्री कमलेश प्रताप शाह के समर्थन मे आयोजित प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी की जनसभा मे शिर्कत कर केबिनेट मंत्री संपतिया उईके जी, राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार जी, सांसद विवेक कुमार साहू जी के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी अमरवाड़ा मे आयोजित रोड शो सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या मे आमजनों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम मरकावाडा मे भाजपा पदाधिकारियों, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक लिया।

# फरवरी माह से नहीं जमा की गई घंसौर आश्रमों और छात्रवासों में शिष्यावृत्ति

### बैठक में अधिक्षक अधिक्षिकाओं नें प्राथमिकता से उठाई आवाज,,,

**घंसौर /** मुख्यालय घंसौर में विगत 5 जुलाई को जनपद सभागार में घंसौर के नवागत विकासखंड अधिकारी वीरेंद्र बोरकर की अध्यक्षता एवं मंडल संयोजक रघुवंशा पंद्रे के मार्गदर्शन में एक बैठक आहूत की गई जिसमें विकासखंड घंसौर के सभी अधीक्षक अधिक्षिकाएं सम्लित हुईं बताया गया कि बैठक में मुख्य रुप से फरवरी माह से आश्रमों एवं छात्रवासों में शिष्यावृत्ति जमा होने की बात मंडल संयोजक रघुवंशा पन्द्रे से अधिक्षकों नें की जिसको गंभीरता से लेते हुए पंद्रे ने घंसौर विकासखंड अधिकारी वीरेंद्र बोरकर से अधीक्षक अधिक्षिकाओं द्वारा उठाई गई उक्त बात अपने संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों से बात कर उक्त समस्या को जल्द से जल्द निवारण करने हेतू आग्रह किया। निश्चित तौर पर इतने लंबे समय से शिष्यावृत्ति जमा न होने की दशा में अधिक्षक बैठक में नवीन छात्र छात्राओं की सूची , संस्था में कार्यरत कर्मचारी की सूची ,मेस संचालन का प्रतिवेदन ,भवन की वस्तु स्थिति , पेयजल विद्युत की जानकारी नवीनी करण छात्र-छात्राओं की जानकारी उपस्थित अधीक्षक अधिक्षिकाओं से ली गई बैठक उपरांत नव नियुक्त विकासखंड अधिकारी वीरेंद्र बोरकर का सम्मान अपना परिचय देते हुए अधीक्षक अधिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

### एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिये आवेदन 15 जुलाई तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अग्रेंजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंगवेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन rsk.mponline.gov.in के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 के लिये आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में कौशल विकास किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 9 में 13 वर्ष की आयु बाध्यता में शासन ने दी शिथिलता

**बालाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 वी में प्रवेश के लिए निर्धारित आयु के मामलें में शासन स्तर से शिथिलता प्रदान की गई है। अब कक्षा 9 वी में प्रवेश/ पंजीयन के लिए 13 वर्ष की बाध्यता आवश्यक नहीं रह गई है। इस सम्बंध में लोक शिक्षण विभाग में शासन के उप सचिव श्री ओएल मंडलोई ने आदेश जारी कर दिए गए है। जारी आदेश समस्त कलेक्टर्स व विभाग के संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को भी भेजे गए है। यह शिथिलता शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लागू होगी।

### जिले में अब तक लगभग 9 इंच के करीब हुई वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 222.1 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक लगभग 9 इंच के करीब वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा परसवाड़ा तहसील में 13 इंच से अधिक यानी 335 मिमी हुई है। इसके बाद बैहर तहसील में भी 12 इंच से अधिक 302 मिमी., बिरसा में 276.7 मिमी. यानी 11 इंच से अधिक, वारासिवनी में 274.9 मिमी लगभग 11 इंच, बालाघाट में 263.6 मिमी 10 इंच से अधिक, तिरोड़ी में 10 इंच से अधिक 256.1 मिमी., लालबर्रा में 250 मिमी. यानी 10 इंच, कटंगी में 6 इंच से अधिक 154.3 मिमी., लांजी में 122.8 मिमी 4 इंच से अधिक, किरनापुर में 114.4 मिमी 4 इंच से अधिक और सबसे कम खैरलांजी में 96.5 मिमी अर्थात 3 इंच से अधिक वर्षा हुई है।

### बीढ़ी, चुना जैसे उद्योगों में लगे श्रमिकों के बच्चों के लिये छात्रवृत्ति में वृद्धि

**बालाघाट।** राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैंग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के लिये छात्रवृत्ति की राशि में बढ़ोतरी की गई हैं। श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनांतर्गत कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति की राशि रूपये 1000 से अधिकतम रूपये 25000 स्वीकृत की गई है।

### तीन दर्जन से ज्यादा यात्री घायल, 6 गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती

# बैहर रोड बंजारी घाटी में हुआ हादसा, अनियंत्रित होकर पलटी बस!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

डिंडौरी की ओर से बालाघाट आ रही एक यात्री बस, बैहर-बालाघाट राजमार्ग के उद्घाटी और बंजारी के बीच पलट गई। घटना मंगलवार की शाम 5.30 बजे की है। बस के अनियंत्रित होकर पलटते ही सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इसी दौरान मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने बस का दरवाजा और खिड़की तोड़कर घायलों का बाहर निकाला।





प्रत्यक्षदर्शी बालाघाट निवासी राजेश ठाकरे ने बताया कि वह डिंडौरी से बालाघाट की ओर आ रही बस के पीछे कार से आ रहा था। लगभग 50 मीटर आगे चल रही बस एकाएक अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गई। जिसे देखकर राह चलते लोगों ने बसों के अंदर से यात्रियों को बाहर निकाला। जिसमें लगभग 30 से 35 लोगों को मामूली चोटें हैं। जबकि 6 गंभीर रूप से घायलों को राजेश ठाकरे स्वयं वाहन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां घायलों का इलाज जारी है।

#### चालक ने बताया ऐसे हुआ हादसा

चालक डिंडौरी जिले के मानपुर निवासी 30 वर्षीय बुधराम पिता अमरू नेताम ने बताया कि चालक साइड का दरवाजा खुल गया था। जिसे एक हाथ से खींचने के दौरान वाहन को मोड़ पर काटते समय वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

#### घटना में यह हुए घायल

इस घटना में बस चालक बुधराम नेताम, हेल्पर डिंडौरी के सालेघोटी निवासी विजय पिता लखनसिंह बरमे, बिरसा के रेलवाही सरेखा निवासी छात्र 19 वर्षीय लोकेश पिता मोहन धुर्वे, महिला उकवा के कंचनटोला निवासी मंगेश्वरी पति रोशन पंद्रे, नवेगांव थाना कोसमी निवासी 45 वर्षीय कृष्ण कुमार उपाध्याय पिता अयोध्या प्रसाद, डिंडौरी निवासी 55 वर्षीय मेनुल पिता मोहम्मद मुस्तफा घायल हुए हैं। इन सबको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तय समय सीमा में नहीं हुआ वितरण तो होगी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सोमवार को बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा शाखा प्रबंधकों, सुपर वाइजरो, संस्था प्रबंधकों और समिति कर्मचारियों की वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। श्री पटले ने बताया कि यदि 15 जुलाई तक शत प्रतिशत रुपे कार्ड का वितरण नहीं किया गया तो प्रशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। साथ ही डेबिट कार्ड का वितरण भी लक्ष्य अनुसार किया जावे। बैंकिंग प्रतिस्पर्धा के इस दौर में रुपे व डेबिट कार्ड बैंक के खाताधारकों के लिए आवश्यक हैं। श्री पटले ने कॉपरेटिव बैंक के खाताधारकों से अपील की है कि रुपे व डेबिट कार्ड अवश्य ले। इस कार्य के लिये मुख्यालय द्वारा जारी की गई गूगल शीट से प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी तरह श्री पटले ने समितियों की बैलेंस शीट भी 10 जुलाई तक पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया हैं। इसके अलावा मध्यमकालीन ऋण प्रकरण को लेकर प्रति समिति प्रत्येक माह एक प्रकरण नियमानुसार तैयार कर बैंक मुख्यालय भेजे जाने निर्देश दिये गए। साथ ही कामन सर्विस सेंटर, पैक्स ऑनलाइन, खाद, पौधा रोपण आदि विषयों को लेकर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विपणन अधिकारी आर.के. असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे, लेखा कक्ष प्रमुख श्रीमती सीमा दुबे, स्त्रजल शाक्य, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, श्वेता दहले, राज नंदनी परिहार उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आज होगी सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**बालाघाट।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक बुधवार सुबह 11.00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सरस्वार की अध्यक्षता में बैठक में एजेण्डा पर समीक्षा की जावेगी। बैठक के प्रारम्भ में सामान्य प्रशासन समिति के पालन प्रतिवेदन पर कृषि विभाग अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसमें मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास एवं वन विभाग (उत्तर एवं दक्षिण वन मण्डल) के कार्यों की समीक्षा होगी।

## आकांक्षा को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को शासकीय सेवक की मृत्यु उपरांत उनकी सुपुत्री कुमारी आकांक्षा डोंगरे को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। शासकीय सेवक स्व.श्री झनेश डोंगरे प्राथमिक शिक्षक के रूप में परसाटोला में पदस्थ थे। जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी नव बताया कि शासकीय सेवा रहते हुए कोरोना से संक्रमित होने के कारण उनका देहांत हो गया था। कु.आकांक्षा को शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बालाघाट में भृत्य के पद पर नियुक्ति दी गई है।

### आरआई या पटवारी जो भी जिम्मेदार हो उसके वेतन से मुआवजा दिलाये

# जनसुनवाई में 46 आवेदनों पर निराकरण के दिये निर्देश

#### शासन के सचिव के संज्ञान में है अनुकम्पा नियुक्ति का मामला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जनसुनवाई करते हुए मुआवजे के मामलें में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे को केस दर्ज कर सुनवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि जो भी जिम्मेदार है उसके वेतन से मुआवजा प्रदान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कटंगी तहसील में लिंगानोपार की सीमा बाई लतारिया ने आवेदन व 5 मार्च को जनशिकायत शाखा द्वारा जारी पत्र प्रस्तुत करते हुए अपनी समस्या बताई। उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक द्वारा गलत सीमांकन करने के कारण उनका मुआवजा किसी अन्य के खाते में चला गया। जब इसकी कार्यवाही कर पुनः सीमांकन कराया गया तो भूमि सीमा बाई के नाम निकली। तब से मुआवजा राशि प्राप्त करने के लिए कार्यवाही कर रही है। मामला 1 लाख 50 हजार का है। जनसुनवाई में कुल 46 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबधित विभागों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।



#### संध्या पटले सहित 9 मामलों में अनुकंपा नियुक्ति के मामले भोपाल में विचाराधीन

जनसुनवाई के दौरान कटंगी की संध्या पटले अनुकंपा नियुक्ति के लिए दूसरी बार आवेदन लेकर उपस्थित हुई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आवेदन पर संवेदनशीलता से जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय से संध्या सहित अन्य 8 आवेदनों के बारे में जानकारी ली। साथ ही बताया गया कि भोपाल में सचिव के पास फाइल भेजी गई है। शासन स्तर से निर्णय के बाद फैसला हो सकेगा। नियुक्ति को लेकर कहा गया है कि जिले में अतिशेष शिक्षक होने के कारण मार्गदर्शन मांगा गया है। डीईओ श्री उपाध्याय ने शीघ्र निर्णय होने की उम्मीद दी है।

### नपा के लेटलतीफ कर्मचारियों को नोटिस जारी

# प्रभारी सीएमओ ने नपा गेट पर ली कर्मचारियों की क्लास

**30 से 40 अधिकारी-कर्मचारी ऐसे थे, जो निर्धारित समयावधि से घंटे के विलंब से कार्यालय पहुंच रहे**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर पालिका के प्रभारी, सीएमओ बीएल लिल्हारे ने मंगलवार को कार्यालय गेट के पास कुर्सी पर बैठकर नपा के आने वाले विभागीय अधिकारी और कर्मचारी से कागज पर नाम, समय और हस्ताक्षर करा रहे थे।

जानकारी लेने पर पता चला कि शासन के अधिकारी, कर्मचारियों के कार्यालय आने के निर्धारित समयावधि प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे की अवधि में भी कर्मचारी कार्यालय लेट पहुंच रहे हैं। समय पर कार्यालय नहीं आने वाले कर्मचारियों के नाम, समय और हस्ताक्षर को नोट कराया जा रहा है। ताकि अधिकारी, कर्मचारियों को ताकिद देकर समय का पाबंद बनाया जा सके।

#### नहीं सुधरे तो कटेगा वेतन

प्रभारी सीएमओ बीएल लिल्हारे ने बताया कि 30 से 40 अधिकारी-कर्मचारी ऐसे थे, जो निर्धारित समयावधि से घंटे के विलंब से कार्यालय पहुंच रहे थे। जिन्हें हिदायत दी है कि दोबारा वह कार्यालय लेट पहुंचेंगे तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी सीएमओ लिल्हारे ने बताया कि इसमें कुछ आदतन अधिकारी-कर्मचारी है, जो लेट आते है, उन्हें नोटिस जारी किया गया है। यदि उनमें सुधार नहीं आता है तो उनके वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब हो कि शासन ने शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों के लिए कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया है। इसके बावजूद कर्मचारी कार्यालयीन समय पर ना पहुंचकर लेट पहुंच रहे है। मंगलवार को ऐसे ही कार्यालय लेट आने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की नपा सीएमओ ने क्लास ली।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में जिले में विकासखंड किरनापुर को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिला बालाघाट अंतर्गत जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विकासखंड किरनापुर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस.रणदा ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक श्री शर्मा जिला सहसमन्वयक कवनलाल पटले उपस्थित रहे।विकासखंड सह समन्वयक किरनापुर हितेश शरणागत ने बताया कि यह समान हमारे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सी.एल.टेकाम के मार्गदर्शन एवं हमारे ब्लॉक के संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक के सहयोग करने से प्राप्त हुआ है। हम भारत सरकार के इस कार्यक्रम के लिए सहसमन्वयक के तौर पर सदैव प्रतिबद्ध है। साथ ही यह जिला स्तर का सामान प्रमाण पत्र हमारे विकासखंड के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सामाजिक चेतना केंद्र पर प्रयासरत अक्षर साथियों को समर्पित करते है।

# एक ही रात में तीन जगहों पर टूटे ताले, एक मकान में चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के सिवनी रोड़ वार्ड क्रमांक 08 में एक ही रात में तीन जगहों पर ताले टूटे है. जिसमें दो मकान और एक दुकान शामिल है. जबकि एक अन्य मकान में चोरी का असफल प्रयास किया गया है. चोरी की यह सभी वारदात एक ही रात में हुई है. गत दिवस 07 से 08 जुलाई की दरमियानी रात्रि यह सभी वारदात हुई है. जिससे नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है और वह अपनी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित है. चोरी की वारदात भाजपा जिला मंत्री सुनीता बारंबे, किराना व्यवसायी अनिल गुप्ता के प्रतिष्ठान, परवाड़ाघाट हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक अरूण कश्यप के निवास पर हुई. वहीं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त टी.सी.घोड़ेश्वर के घर पर भी चोरी का प्रयास हुआ है. जिन घरों और दुकान में चोरी हुई है. उनके पीड़ितों ने कटंगी थाने में लिखित आवेदन कर चोरी की सूचना दी है. पुलिस ने इन आवेदनों पर जांच शुरू कर दी है हालांकि अब तक किसी भी चोरी में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है. पीड़ति भास्कर बांरबे ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके निवास से 20 ग्राम के तीन चांदी के सिक्के, 05 हजार रुपए की नगदी रकम पर हाथ साफ किया. शिक्षक अरुण कश्यप के निवास से एक चांदी की पायल, 8 सोने की मोती, कान के बाले और 03 हजार रुपए की नगदी रकम चोरी हुई है. वहीं अनिल गुप्ता की धर्मपत्नी प्रगति गुप्ता के अनुसार उनकी दुकान से 8 से 10 हजार की नगदी रकम और कुछ सामान चोरी हुआ है। बता दें कि चोरी की रात भास्कर बारंभे का पुरा परिवार नागपुर में था. वहीं अरूण कश्यप का परिवार भी सिवनी सगाई कार्यक्रम में गए हुए थे और घर सूना पड़ा था. अनिल गुप्ता का परिवार घर पर सोया हुआ था. दूसरे दिन इन सभी को चोरी की सूचना मिली. चोरी की इन वारदातों के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है. पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है. मगर, सफलता लगेगी या नहीं इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं है. चोरी की वारदातों से पुलिस की भूमिका और सक्रियता पर सवाल उठने शुरू हो गए है. ऐसे नहीं कि पुलिस रात्रि में गश्ती नहीं करती. पुलिस की रात्रि गश्ती में कोई कमी नहीं है. पूरी रात पुलिस का गश्ती वाहन शहर में भ्रमण करता है. बावजूद इसके चोर पुलिस को चकमा दे रहे है. शहर में होने वाली चोरियों को देखते हुए शहर में एक बार फिर से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग भी हो रही है. जैसा कि शहर में नगर परिषद के द्वारा करीब 05 साल पहले सीसीटीवी कैमरे तो लगाए गए. मगर कमीशनखोरी के चलते इन कैमरों की क्वालिटी से शायद समझौता किया गया. जिस कारण यह कैमरे करीब 04 वर्षों से बंद ही पड़े है।







## सर्व राजस्थानी महिला मंडल ने रोपे 25 पौधे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पर्यावरण को संरक्षित करने और प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने के भाव को लेकर, सर्व राजस्थानी महिला मंडल ने पौधारोपण का प्रण लिया है। जिसकी शुरूआत महिला अध्यक्ष ज्योति जुगल शर्मा के नेतृत्व में 08 जुलाई सोमवार से की गई। जिसके तहत राधिका गोपाल सोनी के आतिथ्य में अध्यक्ष ज्योति शर्मा, उपाध्यक्ष मनोरमा महेश्वरी, अंजली पालीवाल, सविता किशोरजी शर्मा, किरन राजेंद्रजी शर्मा, तृप्ति शर्मा, प्रीती शर्मा, आरती शर्मा, शारदा शर्मा, पायल चौरड़िया सहित अन्य सर्व राजस्थानी महिला समाज की बहनो ने नगर के एमसीएस स्कूल में पौधारोपण किया। अतिथि राधिका गोपाल सोनी ने कहा कि जिस तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वह मानव जीवन के लिए खतरनाक है, यदि पर्यावरण संरक्षित नहीं होगा तो मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए हमें पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आना होगा। हर किसी बच्चे, पुरूष और महिला को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना होगा। तभी हम पर्यावरण को संरक्षित कर पाएंगे।

## अनुसूचित जाति के लिए शासन ने प्रारम्भ की 3 नवीन योजनाएं

### पात्र व्यक्ति व समूह को उद्यम लगाने के लिए 10 हज़ार से 50 लाख रुपये तक ऋण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र शासन ने अनुसूचित जाति के वर्ग के लिए तीन नवीन योजनाएं प्रारम्भ की है।तीन योजनाओं में सावित्री बाई फुले योजना महिलाओं के स्व सहायता समूहों को लाभान्वित करने के लिए है। इसमें महिला को अनुसूचित जाति का होना व उम्र 18 से 55 वर्ष होना चाहिए। साथ ही शहरी सदस्य के लिए 55 हजार व ग्रामीण के लिए 40000 रुपये से अधिक वार्षिक आय नहीं होनी चाहिए।

दूसरी योजना संत रविदास स्वरोजगार योजना में 18 से 45 वर्ष की आयु के 8 वी पास युवाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में ले जाने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई है। इसमें 1 लाख से 50 लाख रुपये तक कि परियोजनाओं के लिए अनुदान पर ऋण स्वीकृत किया जाता है।

इनके अलावा डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना नवीन स्वरोजगार स्थापना के लिए प्रारम्भ की गई है। इसमें 10 हजार से 1 लाख रुपये तक की परियोजनाएं शामिल की जा सकती है।

इसके लिए युवाओं की आयु 18 से 55 वर्ष होनी चाहिए। युवा को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। इन योजनाओं के सम्बंध में अधिक जानकारी या लाभ लेने के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अस्पताल में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत नगर के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में पौधारोपण किया गया. नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पार्षद कपिल मेश्राम, अतीक अंसारी, संजय चौकसे, पूर्व पार्षद डागेन्द्र राउत, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए. वहीं स्वास्थ्य कर्मचारियों को इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की थी. वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी इस अभियान से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन को जुड़ने के लिए प्रेरित किया. जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करने के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है. मध्यप्रदेश ने 5.50 करोड़ पौधरोपण का संकल्प साकार करने का बीड़ा उठाया है. जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की गई है. इसी कड़ी में अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से बीईई जानकी हरिनखेड़े, बीसीएम वेनिस गेड़ाम, बीपीएम जवाहर बिसेन, भुवन कुर्वेती, सत्यम राहंगडाले, आरती लिल्हारे, गंगा धामने और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

